फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री जगदीश चन्द्र पिता श्री रामलाल जी साहू निवासी 14/996 ग्लास फेक्ट्री, मेन रोड़, उदयपुर

– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देलवाड़ा जिला राजसमन्द

– प्रत्यर्थी

किस्म मुकदमा–अपील सूचना का अधिकार, 2005 — **पत्रावली संख्या 38/2023**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 21.08.2023 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देलवाड़ा से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देलवाड़ा से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया । लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देलवाड़ा से जरिये क्रमांक सू. का.अ./2023/389–390 दिनांक 28.07.2023 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई बिन्दु संख्या A की सूचना ग्राम पंचायत कालीवास में निर्माणाधीन मॉ वेष्णोंदेवी मन्दिर के सम्बन्ध में पटवारी हल्का कालीवास से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार वैष्णोदेवी ट्रस्ट का निर्माण कार्य राजस्व ग्राम लिलेरा के आ. नं. 546/535 रकबा 0.2500 हैक्टेयर किस्म आवासीय व आराजी नं. 366/327 रकबा स्थित बिलानाम/चारागाह भूमि पर कोई भी अतिक्रमण जैसा कार्य नहीं किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त निर्माण स्वीकृति इस कार्यालय द्वारा जारी की जाती है। बिन्दु संख्या B की सूचना होटल/रिसोर्ट का रूपान्तरण कार्य इस कार्यालय द्वारा नहीं किया जाता है एवं न ही किसी प्रकार की निर्माण स्वीकृति जारी की जाती है। बिन्दु संख्या C की सूचना तहसील कार्यालय देलवाड़ा द्वारा किसी प्रकार की निर्माण स्वीकृति जारी नहीं कि जाती है। बिन्दु संख्या d तहसील कार्यालय देलवाड़ा में 2256.4622 हैक्टेयर चारागाह भूमि है। चारागाह भूमि पर अतिक्रमण किये जाने पर पी–14 दर्ज कर 91 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाकर उन्हे बेदखल किया जाता है। वर्ष 2022–2023 संवत् 2079 में चारागाह भूमि पर अतिक्रमियों की सूची संलग्न है। बिन्दु संख्या E की सूचना तहसील कार्यालय देलवाड़ा में बिलानाम, चारागाह, आबादी एवं राज्य सरकार की आरक्षित भूमि की सूचना संलग्न है। वर्ष 2022–2023 संवत् 2079 में चारागाह एवं बिलानाम भूमि पर अतिक्रमियों की	न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)

क्षेत्र में अनन्ता हॉस्पीटल की निर्माण स्वीकृति इस कार्यालय द्वारा जारी नहीं की गयी है। एवं बिन्दु संख्या G की सूचना का सम्बन्ध कार्यालय खनिज अभियन्ता राजसमन्द से है।

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देलवाड़ा की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देलवाड़ा की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना अपीलार्थी को कार्यालय तहसीलदार देलवाड़ा द्वारा जरिये क्रमांक सू.का.अ./2023/389–390 दिनांक 28.07.2023 से उपलब्ध करा दी जाने से उक्त प्रकरण को खारिज किया जाता है

निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देलवाड़ा को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर) राजसमंद